//विज्ञप्ति//

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश जबलपुर के मेमों Reg.(IT)(SA)/2024/1611 जबलपुर दिनांक 25.10.2024 के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बैतूल में एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क सेंटर के स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

उक्त कियोस्क सेंटर का उद्देश्य वादकारियों एवं आम नागरिकों को विभिन्न ई–सेवाएं सुलभ कराना है। जैसे ऑनलाईन प्रकरण की स्थिति देखना, दस्तावेज दाखिल करने में सहायता, प्रमाणित प्रतिलिपि हेतु आवेदन शुल्क जमा करना एवं अन्य डिजिटल न्यायिक सेवाएं।

पात्रता मानदंड :–

- आवेदक पंजीकृत व्यक्ति/फर्म कंपनी होना चाहिए।
- कम्प्यूटर संचालन एंव ई–गवर्नेस सेवाओं का सामान्य ज्ञान आवश्यक है।
- आवश्यक अधोसंरचना जैसक कम्प्यूटर, प्रिटंर, स्कैनर, इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध होना चाहिए।

उत्तरदायित्व :–

- वादकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ई–सेवाए प्रदान करना।
- अभिलेखों का समुचित संधारण एवं डाटा की गोपनीयता सुनिश्चित करना।
- एम.पी. ऑनलाइन तथा जिला प्रशासन/न्यायिक प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना।

इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों, पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यताए, अनुभव, अधोसंरचना विवरण सहित अपना आवेदन दिनांक 25.03.2026 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें।

दिनांक 18/03/2025

आदेशानुसार

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल म.प्र.